Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Regarding setting up a thermal power plant in the Dumka Parliamentary Constituency.

श्री सुनील सोरेन (दुमका): महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

हमारे संसदीय क्षेत्र दुमका में थर्मल पावर प्लांट स्थापित करना नितांत आवश्यक है। संथाल परगना प्रमंडल अति पिछड़ा हुआ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। वर्तमान में संथाल परगना प्रमंडल में एनटीपीसी कहलगांव एवं डीवीसी मैथन स्थित विद्युत संयंत्रों से बिजली की आपूर्ति हो रही है, जबकि दुमका लोक सभा क्षेत्र अन्तर्गत देवघर जिला के सारठ प्रखंड क्षेत्र का सिकटिया वराज थर्मल पावर के लिए उपयुक्त स्थान है। जहाँ जमीन और पर्याप्त पानी की उपलब्धता है। एनटीपीसी द्वारा पावर प्लांट स्थापित करना अति आवश्यक है। वहाँ से महज 14 किलोमीटर की दूरी पर कोयले का भंडार है। एसपी माइंस चित्रा कोयलरी है, यहाँ से थर्मल पावर प्लांट के लिए आसानी से कोयला उपलब्ध हो सकेगा।

संथाल परगना में पावर प्लांट की स्थापना होने से इस क्षेत्र का विकास भी होगा और बेरोजगारों को रोजगार भी प्राप्त होगा।

अत: आपके माध्यम से मैं सरकार से माँग करता हूँ कि हमारे संसदीय क्षेत्र दुमका में थर्मल पावर प्लांट स्थापित किया जाए ताकि विद्युत आपूर्ति की समस्या का निदान हो सके। धन्यवाद।